(18)

# मंडल कार्यालय आदेश 12/2025

L .N.393-W/M-/Instruction/0/Vol-III Date - 13.05.2025

समस्त मुख्य लोको निरीक्षक
एवं मुख्य क्रू नियंत्रक, जोधपुर एवं मेडतारोड
समस्त लोको पायलट, लोको पायलट शंटर एवम सहायक लोको पायलट

**विषय: गर्मी के मौसम लोकोमोटिव में हॉट इंजिन आने पर की जाने वाली कार्यवाही**
**संदर्भ - Letter no M/Mech/D&R/Safety/Drive date 07.05.25**

**मुख्यालय के निर्देशानुसार, उपरोक्त विषय "गर्मी के मौसम में लोकोमोटिव में हॉट इंजन आने पर की जाने वाली कार्यवाही" के संबंध में एक 15 दिवसीय विशेष संरक्षा अभियान चलाया जा रहा है।**
इस अभियान के अंतर्गत सभी लोको निरीक्षक अपने नामित एवं अन्य रनिंग स्टाफ को संदर्भित पत्र में उल्लिखित सभी बिंदुओं के संबंध में समुचित काउंसलिंग करें तथा दिनांक **29.05.2025** तक इसकी अनुपालना रिपोर्ट मण्डल कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

सलंग्न - संदर्भित पत्र

वरि. मंडल यांत्रिक इंजी. (Enhm&P)
उ.प. रेलवे, जोधपुर

प्रतिलिपि- अपर मंडल रेल प्रबन्धक, सादर सूचनार्थ
स.म.या.इंजी. (शक्ति), आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ

NORTH WESTERN RAILWAY

No. M/Mech/D&R/Safety/drive

Headquarter Office,
Jaipur.
Date 07.05.2025

Sr. DME/Power
AII, BKN, JP & JU.

**विषय :- गर्मी के मौसम में लोकोमोटिव में हॉट इंजिन आने पर की जाने वाली कार्यवाई |**

गर्मी के मौसम में तापमान में बढ़ोतरी के कारण लोकोमोटिव में हॉट इंजिन की ट्रबल आने पर लोको की विफलता / समय हानि बचाने हेतु निम्नलिखित कार्यवाई करना सुनिश्चित करे | इस हेतु मंडल स्तर पर 15 दिनों की ड्राइव चलाकर

1 ALCO Loco :-

| | |
|---|---|
| i. | लोको पायलेट यह सुनिस्थित करें कि इंजन रूम के सभी दरवाजे बन्द है । |
| ii. | रेडियेटर रूम का दरवाजा भी ठीक से बन्द है । |
| iii. | पानी के तापमान और ल्यूब ऑइल प्रेशर पर ध्यान रखें । |
| iv | ल्यूब ऑइल प्रेशर को ओ.पी.एस. सेटिंग से उपर रखें । |
| v | थ्रोटल को स्टेप बाई स्टेप कम करें व दो या तीन नोच पर 20 या 30 सेकंड रुके तथा ल्यूब ऑइल स्थिर होने पर आईडल करे । |
| vi | गाड़ी स्टार्ट करते समय नोच में अन्तराल रखते हुये जल्दी से जल्दी उच्च नोच लगाकर निर्धारित गति प्राप्त करें । |
| vii | कोस्टिंग पीरियड में फ़ास्ट पम्पिंग करके पानी के तापमान को निचे लायें रास्ते में कोई निर्धारित हाल्ट हो तो भी उपरोक्त कार्यवाई करें । |
| viii | वाटर कूलिंग सिस्टम में पानी का लीकेज तथा पानी का लेवल पर ध्यान रखें । |
| ix | यदि पानी का तापमान अधिक हो रहा हो और नोच कम करने पर ल्यूब ऑइल प्रेशर ड्राप हो रहा हो तो दो या तीन नोच पर GF को काटकर कार्य करें । |
| x | लोड का रिलीज़ होना सुनिश्चित करें । |
| xi | यदि आवश्यकता महसूस हो तो रेडियेटर फैन को डायरेक्ट करें । |
| xii | यदि गाड़ी समतल या डाउन ग्रेडियन्ट पर चल रही है तो GF स्विच कटकर इंजन 4 नोच पर रेज करें तथा रेडीयेटर फैन को डायरेक्ट कर दे धंटी बंद होने पर सामान्य कार्य करें । |
| xiii | यदि गाड़ी चड़ाई वाले खंड पर चल रही है तो एक नोच कम करें, रेडीयेटर फैन डायरेक्ट करे, यदि सेक्शन की लम्बाई अधिक है तो आवश्यकता अनुसार और नोच कम कर सेक्शन क्लीयर करें, ग्रेडिंयन्ट समाप्ति के पश्चात मद (xii) के अनुसार कार्यवाई करें । |
| xiv | सेक्शन क्लीयर करने के पश्चात या गाड़ी के अगले ठहराव पर पानी का लेवल अवश्य चेक करें, OHE वाले खंड में छत पर नहीं चढ़े, पानी लेवल गेज में ही देखे । रेडीयेटर फैन की कार्यशीलता व दरवाजे का सही प्रकार से बंद होना सुनिचित करें । |

2. HHP Loco:-

| | |
|---|---|
| i. | GM लोको में EM 2000 में यदि "Hot engine throttle limit to 6 Notch" मैसेज डिस्प्ले हो रहा हो तो रेडीयेटर फैन का चलना सुनिश्चित करें । |
| ii. | यदि GM लोकोमोटिव में रेडीयेटर फैन नहीं चल रहा हो तो ECC3 में लगे कान्टेक्टर (FCFIA, FCFIB तथा FCF2A, FCF2B) का पिकअप होना चेक करें (यदि कान्टेक्टर लगा होगा तो उसका काला नॉब अन्दर की तरफ होगा) । |

Scanned with OKEN Scanner

| | |
|---|---|
| iii. | ECC3 में लगे रेडीयेटर फैन सर्किट ब्रेकर को चेक करें ट्रिप नही होना चाहिए । यदि ट्रिप हो गया हो तो उसे ऑफ़ करके फिर से ऑन करें । |
| iv | HHP लोकोमोटिव में EM 2000 में ETP1 तथा ETP2 का तापमान चेक करें दोनों के तापमान में बहुत अधिक अन्तर नहीं होना चाहिए, यदि ऐसा हो तो अधिक तापमान दर्शाने वाले ETP सेंसर को Disconnect करें । |
| v | यदि फिर भी पंखा न चले तो सेल्फ टेस्ट में जाकर कुलिंग फैन टेस्ट करें तथा ऐसा करते समय पंखे का चलना सुनिश्चित करें । |
| vi | MEP 660 वाले लोको में थ्रोटल को कम ना करें MEP 600 स्वयं ही लोको हॉलिंग पॉवर 90 डिग्री तापमान होने के बाद 91 डिग्री तक प्रत्येक डिग्री पर 20 प्रतिशत कम करते हुये हॉलिंग पॉवर शून्य कर देता है तथा डिस्पले यूनिट पर Hot engine cannot power up मैसेज डिस्पले होता है । इस स्थिति में थ्रोटल आईडल कर के डिस्पले यूनिट पर लगे Acknowledge बटन को दबायें, ऐसा करने से इंजन अपने आप 8 नोच पर रेस होगा तथा पानी ठंडा होने पर डिस्पले यूनिट से मैसेज चला जायेगा उसके बाद गाड़ी कार्य कर सकते है । (यदि लोको अपने आप रेस नहीं हो तो चालक 8 नोच लगा कर लोको को रेस करें।) |
| vii | DEMU में भी DPC में रेडीयेटर रूम का दरवाजा सही प्रकार बंद होना, टैंक में पानी का लेवल सही होना, पानी का लीकेज नहीं होना, वाटर पंप का कम करना, हाईड्रोलिक ऑइल का सही होना सुनिश्चित करें । |
| viii | DEMU में हाईड्रोलिक ऑइल प्रेशर गेज में हाईड्रोलिक ऑइल का प्रेशर 50 BAR से कम नहीं होना चाहिए, यदि कम हो तो प्रेशर ऐडजस्टिंग नॉब से ऐडजस्ट करेंगे । |
| ix | DEMU के इंजन में लगे दोनों वेंटिलेशन फैन का चलना सुनिश्चित करें । |
| x | $ME_{175}$ में अवश्य दर्ज करें कि लोको बार बार हॉट हो रहा है । यदि पानी भरा है तो सादा पानी भरने का उल्लेख अवश्य करें । |
| xi | लोको पायलेट, सहायक लोको पायलेट एवं शंटर OHE खण्ड में लोकोमोटिव की छत पर नहीं चढ़े । |

नोट:- लोकोमोटिव का तापमान $90^{0}$ C से अधिक बढ़ने की स्थिति में गाड़ी को स्टेशन पर खड़ा करें तथा लोको तापमान सामान्य होने तक इंतजार करें । तथा इसकी सूचना पॉवर कंट्रोलर एवं सम्बंधित शेड को भी देवे । जिससे बीच खण्ड में हॉट इंजन के कारण होने वाले फेलियर से बचा जा सके ।

**कृपया उक्त निर्देशों से समस्त चालकों / सहायक चालकों को अवगत करवाने हेतु 15 दिनों की ड्राइव चलाकर मंडलों के समस्त मुख्य लोको निरीक्षक / लॉबी प्रभारी अपने नामित / अधीन रनिंग स्टाफ को काउंसलिंग / नोट करवायें ।**

**Dy. CME/D&R**
**For CMPE/NWR**

Copy:-CMPE/NWR- For kind information please.

Scanned with OKEN Scanner